हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री


13 ग्रहण के बाद दोगुने उत्साह से मना रंगोत्सव ठाकुरिया...





14 श्री राजीव लोचन मंदिर में उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं...







आवश्यकता है

कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये

- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा

काका होजियरी

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

फोन : 9893744470


## खबर संक्षेप

### एसपी और कलेक्टर ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के संग खेली होली



**गरियाबंद।** जिले के पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के संग होली खेल कर एक अनूठी मिसाल कायम की है। जिसकी जिले भर में जमकर प्रशंसा हो रही है। जिले में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे पूर्व नक्सलियों ने इस वर्ष पहली बार होली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया। जंगलों की जिंदगी छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे इन पूर्व नक्सलियों ने पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर रंगों का त्योहार मनाते हुए नई शुरुआत का संदेश दिया। होली के इस आयोजन में 30 से अधिक समर्पित नक्सली शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पुलिस जवानों के साथ रंग-गुलाल शेष पेज 12 पर

### आगजनी : तौरेंगा और कुल्हाड़ीघाट के जंगल में जगह-जगह भीषण आगजनी

# धधक रहा जंगल, वन्यप्राणियों की सुरक्षा खतरे में, आग लगाने वाले 5 आरोपी भेजे गए जेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद वनमंडल एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने जंगल को आग से बचाने वन विभाग द्वारा लगातार सघन प्रयास किया जा रहा है। गांव-गांव कलाजत्था तथा विभिन्न माध्यमों से लोगों को जनजागरूक किया जा रहा है बावजूद इसके कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा जंगल को आग के हवाले किया जा रहा है। मैनपुर, तौरेंगा एवं कुल्हाड़ीघाट के घने कीमती जंगल मे इन दिनों भीषण आग लगी हुई है। जंगल में जगह-जगह इतना ज्यादा आग लगा है कि मैनपुर नगर और नेशनल हाइवे 130 सी गरियाबंद मैनपुर देवभोग मार्ग से कुल्हाड़ीघाट की पहाड़ी और मैनपुर भाठीगढ़ के पहाड़ी शेष पेज 12 पर



### लोगों का सहयोग जरूरी

गरियाबंद डीएफओ शशिगानंद ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि गरियाबंद के जंगल बेहद कीमती और अनेक औषधियों से भरपूर जंगल है। वन विभाग के कर्मचारी लगातार जंगल में आग में काबू पाने प्रयास कर रहे हैं। श्री शशिगानंद ने सभी क्षेत्रवासियो से अपील किया है कि जंगल की सुरक्षा के लिए वन विभाग के साथ ही सभी लोगों का सहयोग जरूरी है और वन विभाग द्वारा लगातार आवश्यक कदम उठाये जा रहे है।

### पैरी उद्गम पहाड़ी एवं सागौन प्लांट झरियाबाहरा आग से धधक रहा

सामान्य वन मंडल मैनपुर वन परिक्षेत्र के पैरी उद्गम भाठीगढ़ पहाड़ी में शुक्रवार शाम 7 बजे भीषण आगजनी मैनपुर नगर से दिखाई दे रही है। पहाड़ी के चारो तरफ भारी आग लगा हुआ है जिसके धुएं का असर मैनपुर नगर तक देखी जा सकती है। वहीं मैनपुर झरियाबाहरा सागौन प्लांट में गुरूवार दोपहर 2 बजे भीषण आगजनी से छोटे -छोटे हजारों पौधे जलकर खाक हो गए। लगातार आगजनी की घटना से वन विभाग में भी हड़कंप मच गया है।

### टाइगर रिजर्व के जंगल में आग लगाने वाले गिरफ्तार

जंगल के भीतर आगजनी की घटना को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा जहां एक ओर फायर वाचर तैनात किए गए हैं। वहीं बड़ी संख्या में वन विभाग के कर्मचारी भी लगातार गश्त कर रहे है ड्रोन कैमरे व सेटेलाइट के माध्यम से भी निगरानी किया जा रहा है। टाइगर रिजर्व के जंगल में आग लगाने वाले एवं शिकार के लिए जाल बिछाने वाले 05 आरोपियों पर वन विभाग ने कार्यवाही किया है और उन्हे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर 14 दिन के लिए रिमांड पर जेल भेजे जाने की जानकारी मिली है जिसमे कुल्हाड़ीघाट वन परिक्षेत्र कक्ष क्रमांक 786 परिशर नगराल मे आग लगाने वाले आरोपी अर्जुन कमार एवं 04 अन्य लोगो के खिलाफ वन विभाग ने कार्यवाही कर न्यायीक रिमांड पर जेल भेजा है।

### ढाई साल की मासूम की उल्टी-दस्त से मौत

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में शादी समारोह में अपने रिश्तेदार के घर शामिल होने पहुंचे परिवार के साथ ढाई साल की मासूम बच्ची की उल्टी दस्त से मौत हो गई है। बच्ची को मैनपुर अस्पताल लाया गया और शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पोस्टमार्डम कर शव उनके परिजनों को सौप दिया। वहीं माता-पिता और घर के लोगों का रो-रोकर बुराहाल हो गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परसुली बरबहली से उत्तम नागेश अपने परिवार के साथ ढाई वर्ष की बेटी कुमारी शशि नागेश को लेकर मैनपुर से 8 किमी दूर ग्राम गोपालपुर अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गुरूवार दोपहर पहुंचे थे और शाम को अचानक ढाई साल की बेटी कुमारी शशि नागेश को उल्टी दस्त प्रारंभ हो गया जिसे तत्काल मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के पश्चात बच्ची को मृत घोषित कर दिया जिसकी खबर लगते ही माता -पिता और परिजनों का रो-रोकर बुराहाल हो गया है। शुक्रवार दूसरे दिन दोपहर 12 बजे बच्ची शशि नागेश का पोस्टमार्डम कर शव उनके परिजनो को सौप दिया। वहीं पुलिस द्वारा मामले की जॉच की जा रही है।



### प्रथम बैठक के साथ होली मिलन का आयोजन आज

**गरियाबंद।** जिला कांग्रेस संगठन के गठन के बाद पहली बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को जिला कांग्रेस भवन गरियाबंद में दोपहर 12 बजे किया जाएगा। होली मिलन का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में आयोजित होगा। इस बैठक में विधायक जनक शेष पेज 12 पर





## खबर संक्षेप



### पीपरछेड़ी में विधायक साहू ने हर्षोल्लास के साथ मनाई होली

**राजिम।** विधायक रोहित साहू होली के पावन अवसर पर अपने गृह ग्राम पीपरछेड़ी पहुंचकर ग्रामीणों के साथ पारंपरिक उल्लास और आत्मीयता के बीच त्योहार मनाया। होलिका दहन कार्यक्रम में वे विशेष रूप से शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। होलिका दहन के पश्चात विधायक साहू ने ग्रामवासियों के साथ रंग-गुलाल खेलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया तथा युवाओं और साथियों के साथ गले मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान गांव में उत्सव का माहौल देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण उस समय बना जब विधायक रोहित साहू ग्रामीणों के साथ बैठकर नगाड़ा बजाने लगे। नगाड़े की ताल पर वे स्वयं भी झूम उठे और पारंपरिक धुनों पर ठुमके लगाए। उनके इस सहज और आत्मीय व्यवहार ने ग्रामीणो का मन मोह लिया। विधायक ने छोटे-छोटे बच्चों को प्यार, स्नेह और दुलार देते हुए उनके साथ समय बिताया।

### लक्ष्मी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाना महिलाओं का सम्मान : ओमकुमारी



**नवापारा-राजिम।** नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने भाजपा की वरिष्ठ नेत्री महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा मातृशक्ति को राज्यसभा सदस्य प्रत्याशी बनाया जाना छत्तीसगढ़ के सभी महिलाओं का सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं नितिन नवीन के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी ने एक महिला को राज्य सभा प्रत्याशी बनाकर छत्तीसगढ़ के सभी महिलाओं का मान बढ़ाया है। कार्यकर्ता के प्रतिभा को पहचानकर उसे पार्टी एवं सरकार में स्थान प्रदान कर जवाबदारी देने का कार्य केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। इसलिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य होने पर गर्व है।

### रसेला में धधकते अंगारों पर चलकर मनाई होली

**रसेला।** अंचल में रंगों का त्योहार होली बुधवार को रसेला सहित क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारा के साथ मनाई गई। होली मंगलवार होलिका दहन से लेकर पूरे क्षेत्र में उल्लास और जश्न का माहौल रहा। लोगों ने सभी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और होली की बधाई दी। ग्राम रसेला में शुभ मुहूर्त में मंगलवार को रात्रि 10 बजे गांव के बैगा और ग्राम प्रमुखों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। दूसरे दिन सुबह 9 बजे होलिका दहन की विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु धधकते अंगारों पर नंगे पैर चलकर अपनी अटूट श्रद्धा और विश्वास की परंपरा निभाई गई। बैगा भागवत कोमर्रा, परदेशी निर्मलकर, सदाराम निषाद, नरेश्वर यादव, नंदूदास, खेमचंद ताण्डी, पुरोहित यादव का मानना है कि यह केवल साहस का नहीं, बल्कि अटूट विश्वास का प्रतीक है। उनका कहना है कि अंगारों पर चलते समय उन्हें किसी प्रकार की जलन या पीड़ा का अनुभव नहीं होता, बल्कि एक अद्भुत आत्मिक शांति का एहसास होता है।

**समस्या : जनपद कार्यालय में पिछले पांच दिनों से नहीं पहुंचे अधिकारी, ग्रामीण होते रहे परेशान**

# सरकारी दफ्तरों में होली के बाद भी पसरा सन्नाटा कर्मचारी रहे अनुपस्थित, फरियादी खाली हाथ लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

होली पर्व के चलते तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के कई सरकारी दफ्तरो में होली पर्व से पहले और बाद में भी सन्नाटा पसरा रहा। अधिकांश अधिकारी -कर्मचारी की अनुपस्थिति के चलते फरियादियों को खाली हाथ लौटना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार होली छुट्टी के बाद भी मैनपुर जनपद पंचायत में जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जब इस संबंध में संबंधित अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होने कहा कि बकायदा छुट्टी लेकर त्यौहार मनाने पहुंचे है लेकिन अधिकारी के स्थान पर दूसरे जिम्मेदार अधिकारी के उपस्थित नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और इस मामले की शिकायत सत्तापक्ष के साथ ही विपक्ष के स्थानीय नेता जनप्रतिनिधियों ने बकायदा प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल एवं गरियाबंद कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ से किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार होली का पर्व 4 मार्च को था बावजूद इसके जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन डीएस नागवंशी एवं जनपद के कई जिम्मेदार अधिकारी 02 मार्च से आज 06 मार्च तक जनपद कार्यालय नहीं पहुंचे और उनके चेंबर कक्ष के सामने ताला लटका हुआ मिला। इस संबंध में जनपद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के अधिकारी छुट्टी लेकर घर गए है तो वहीं कई जिम्मेदार अधिकारी आज होली के दो दिनों बाद भी अपने कार्यालय में नहीं पहुंचे। जबकि जनपद पंचायत कार्यालय में तहसील मुख्यालय मैनपुर लगभग 50 किमी दूर उरमाल, अमलीपदर, मुड़गेलमाल, बिरीघाट, सरनाबहल, गरहाडीह, गौरगांव क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओ के समाधान के लिए जनपद पहुंचे थे लेकिन अधिकारी के नहीं होने के कारण फरियादियों को खाली हाथ लौटना पड़ा। इसकी जानकारी स्थानीय सत्ता पक्ष भाजपा के नेताओ एवं कांग्रेस के नेताओं को लगने पर उन्होने बकायदा जनपद पहुंचकर मामले की जानकारी लिया तो जनपद पंचायत सीईओ के कार्यालय के सामने ताला लटका मिला और इस संबंध मे स्थानीय कर्मचारियो ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। दुरस्थ वनांचल क्षेत्र से पहुंचे लैबानो मांझी, माखन नेताम, भरत ठाकुर, सुकचंद ठाकुर, मंगली बाई, सावित्री नागेश, चमरिन नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके खाते मे पैसा जमा नही हुआ है तो कुछ ग्रामीणो ने बताया कि पेंशन और राशन कार्ड के लिए जनपद पहुंचे है लेकिन अधिकारियो के नही होने के कारण खाली हाथ लौट रहे है।






**प्रभारी मंत्री एवं कलेक्टर से मामले की शिकायत**

मैनपुर ब्लॉक मुख्यालय मे अधिकांश शुक्रवार को कई विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहते है जो शनिवार, रविवार, सोमवार तक नही पहुंचते और तो और मंगलवार को गरियाबंद टीएल बैठक में जाने की बात कहते है ऐसे में मुख्यालय मे अफसर बैठते ही नही और उनसे इस संबंध मे जानकारी लेने पर सीधा ग्रामीणो को जवाब देते है कि विकासखण्ड की दूरी बहुत ज्यादा है इसलिए दो दिन क्षेत्र के दौरे पर रहते है और दो दिन जिला मुख्यालय मे बैठक होता है अब यह सोचने के लिए जनता मजबुर है कि जनता की समस्याओ के समाधान के लिए रखे गये जिम्मेदार अफसर जब ब्लॉक मुख्यालय मे बैठेंगे ही नही तो फरियादी अपनी समस्या किसको सुनायेंगे बहरहाल इस मामले को लेकर आज भाजपा और कांग्रेस दोनो ही प्रमुख राजनीतिक पार्टियो के स्थानीय नेताओ ने प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर से मामले मे जॉच एवं कार्यवाही की मांग किया है।

**छुट्टी लेकर घर आया हूं**

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस नागवंशी ने बताया कि लगातार जिला स्तर के बैठक में जाने के कारण मुख्यालय में बैठना कम हो रहा है। उन्होने बताया अभी छुट्टी लेकर घर गए है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र में होली का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। रंग-गुलाल, गीत-संगीत और आपसी सौहार्द के बीच आयोजित कार्यक्रमों में रहस नाच आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। होली के अवसर पर गांव-गांव में श्रद्धा और विश्वास से जुड़े लोक आयोजन हुए, जहां ढोल-मांदर की थाप पर रहस नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को उल्लास और आनंद से भर दिया। बच्चों से

**रहस नृत्य की रही धूम**

लेकर बुजुर्गों तक की सहभागिता ने पर्व की रौनक को और बढ़ा दिया। ग्राम लोहरसी के रहस नाच दल के बाल गोपाल विशेष वेशभूषा में सज कर आए थे। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा, युवा नेता भूपेंद्र यादव, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शिवराज देवांगन, तरुण साहू, विष्णु साहू, राजू साहू, मुकेश अवसरिया ने इस रहस नृत्य दल का स्वागत सम्मान किया तथा उन्हें व्यथा सम्मान दान राशि भी दिए। सामाजिक नेता लाला साहू ने कहा कि रहस नृत्य, डंडा नाच के साथ मनाई जाने वाली होली हमारी लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है, जो पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य करती है।इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया तथा पारंपरिक लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल टूर्नामेंट में आईएसबीएम यूनिवर्सिटी ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल टूर्नामेंट 2025-26 में आईएसबीएम यूनिवर्सिटी, गरियाबंद (छत्तीसगढ़) के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ आईएसबीएम यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। देशभर की विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने कड़ा मुकाबला किया। वुडबॉल के इस रोमांचक टूर्नामेंट में आईएसबीएम यूनिवर्सिटी की टीम ने उत्कृष्ट समन्वय, अनुशासन और खेल कौशल का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और टीमवर्क ने विश्वविद्यालय को गोल्ड मेडल दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईएसबीएम यूनिवर्सिटी की विजेता टीम में प्रबोध सिंह खंगरोट, शिवराज सिंह, स्वरूप सिंह जोधा, कमल सिंह, अगर सिंह और मनीष शामिल रहे। इन सभी खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास और समर्पण के साथ मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक, धैर्य और रणनीति का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल विश्वविद्यालय बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य का भी नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। टीम के साथ मैनेजर पंकज दिनेश सिंह ने भी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शानदार सफलता पर आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार तथा कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है और इससे अन्य छात्रों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जाता है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। विश्वविद्यालय भविष्य में भी छात्रों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। आईएसबीएम यूनिवर्सिटी की इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कंवर पैकरा समाज राम-जानकी के उपासक थे : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम पंचायत छुईहा में आश्रित ग्राम जमाही घटारानी चौक में कंवर पैकरा समाज परिक्षेत्र स्तरीय समाजिक वार्षिक समारोह एंव ग्राम छुईहा में नवीन राधाकृष्ण मंदिर में मुर्ति स्थापना, लोकार्पण भूमिपूजन का कार्यक्रम गुरूवार को सम्पन्न हुआ। उक्त दोनों कार्यक्रम में मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता भाजपा महामंत्री चन्द्रशेखर साहू, विशिष्ट अतिथि नंदनी ओंकार साहू सभा पति जिला पंचायत, गोपी ध्रुव, अध्यक्ष भाजपा मंडल कोपरा, अध्यक्ष महाविद्यालय फिंगेश्वर राजु साहू, प्रेमिन मिथलेश ध्रुव जनपद सदस्य, सरपंच विद्या देवी सिन्हा, उपसरपंच भाजपा नेता गजेश्वर सिन्हा, भाजपा अध्यक्ष अजजा जिला अध्यक्ष सियाराम ध्रुव, महामंत्री महेंद्र वर्मा मंच संचालक उद्घोषक आशाकांत रजक थे। अतिथियों ने प्रथम कार्यक्रम कंवर पैकरा के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक उत्सव घटारानी चौक जमाही पहुंचे। वहां परम्परागत आदिवासी शैली में स्वागत करते मुख्य मंच तक विराजमान कराये, मंच पर अथियों का फूल माला का स्वागत किया गया। मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने कंवर पैंकरा समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप तो राम जानकी के उपासक व अनुयाई हैं। प्रभु राम पिछले 5 सौ साल से टेंट में थे। कि आपका आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और अयोध्या में प्रभु राम का भव्य मंदिर में विराजमान हुए। आगे कहा की 70 साल तक पूर्व सरकार ने आदिवासी समाज के कोई कार्य नहीं किया। विधायक ने कंवर पैकरा समाज की मांग पर समाजिक सामुदायिक भवन 10 लाख, आहाता निर्माण 5 लाख, जमाही क्रिकेट मैदान समतलीकरण 15 हजार, फुलझर पंचायत में बोर खनन, स्वीकृत की घोषणा की।



### फाग गीतों एवं नगाड़ों की थाप पर झूमे ग्रामवासी

**पांडुका।** पांडुका अंचल के सभी ग्रामों में बुधवार को शांतिपूर्ण एवं धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। सोमवार रात्रि पूजा अर्चना करने के बाद होलिका दहन किया गया तथा बुधवार को बच्चो, युवाओ ने प्रसिद्ध फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर फाग गीतों और नगाड़ों की धुन पर बच्चे, युवाओ तथा महिला व पुरूषों ने खेली जमकर होली। शीतला पारा मोहल्लावासियों ने भाईचारे का संदेश देते हुए धूमधाम से होली पर्व मनाया इस अवसर पर युवाओ के साथ बच्चे भी नगाड़ों एवं बैण्ड बाजा के साथ झन जा राधा होबे लालेलाल ओ, मुख मुरली बजाय, रंग बरसे भीगे चुनर वाली जैसे फाग गीतो को गाकर जमकर झूमे और नाचने लगे। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ तथा रिटायर्ड डॉ कृष्ण कुमार दीवान, कमलेश दीवान, लक्ष्मीकांत यादव, साक्षी यादव, लक्षिता यादव, प्रकाश यादव, रेख राम साहू, श्रवण साहू, किशन कडरा, टामन साहू, द्रोण साहू, विजय, उमाशंकर, गजेन्द्र निर्मलकर, यादराम, चूडामनी, चित्रसेन, दिलीप साहू, चेतन निषाद, सुरेश साहू, रमेश दीवान, हिमांशु भार्गव, पुष्कर, पिंटू सहित बड़ी संख्या में युवा एवं बच्चे उपस्थित होकर सभी उत्साह वर्धन कर आंनद लिया।

# ग्राम श्यामनगर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनी होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम। होली के पावन अवसर पर राजिम क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य एवं जिला भाजपा के महामंत्री युवा नेता चंद्रशेखर साहू ने अपने गृह ग्राम श्यामनगर में ग्रामीणों के साथ पारंपरिक ढंग से होली का उत्सव मनाया। ग्राम श्यामनगर में सुबह से ही होली को लेकर उत्साह का वातावरण रहा। रंग-गुलाल और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच चंद्रशेखर साहू ग्रामीणों के बीच पहुंचे और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया तथा युवाओं और साथियों के साथ गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नगाड़े की थाप पर वे स्वयं भी झूम उठे। पारंपरिक लोकधुनों पर उन्होंने उत्साहपूर्वक ठुमके लगाए, जिससे माहौल और भी आनंदमय हो गया। ग्रामीणों के आग्रह पर वे डंडा नृत्य में भी शामिल हुए और स्थानीय कलाकारों व युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर नृत्य किया। उनकी सहजता और आत्मीयता ने ग्रामीणों का मन मोह लिया। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। चंद्रशेखर साहू ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम, सदभाव और एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।



# मैनपुर थाना प्रभारी ने मरीजों को फल, मिठाई वितरण किया

**मैनपुर।** होली पर्व के दौरान बड़ी संख्या मे दुर्घटना एवं उल्टी दस्त के साथ अनेक प्रकार के मरीज अस्पताल पहुंचे होली पर्व के अवसर पर मरीज और उनके परिवार अस्पताल मे परेशान होते रहे जिसकी जानकारी लगते ही मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने पुलिस जवानों के साथ अस्पताल पहुंचकर जहां मरीजों को मिठाई, फल, बिस्किट का वितरण किया। साथ ही कोई भी परेशानी होने पर इसकी तत्काल सूचना देने कहा। लगातार थाना प्रभारी द्वारा मैनपुर अस्पताल के मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराया गया।

**पेज 11 के शेष...**

### एसपी और कलेक्टर ने....

खेला और हल्बी व छत्तीसगढ़ी गीतों की धुन पर जमकर नाचे-गाए। रंगों और संगीत के बीच पूरे माहौल में खुशी और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके और पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने समर्पित नक्सलियों को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और उन्हें समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को समाज में सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया जा रहा है, जिससे वे नई जिंदगी की शुरुआत कर सकें।

### धधक रहा जंगल...

में आग धधकते दिखाई दे रहा है जिसके कारण वन्यप्राणी भटकने को मजबुर हो रहे हैं। मैनपुर तौरेंगा नेशनल हाइवे मार्ग के किनारे भी भारी आग लगी है सड़क में चारो तरफ धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा पहाड़ी इलाका प्रभावित है क्योकि पहाड़ी इलाके में आग को काबू करने में भारी परेशानी का सामना वन विभाग को करना पड़ता है। बहरहाल होली पर्व के बाद मार्च में गर्मी प्रारंभ होते ही क्षेत्र के जंगलों में जगह -जगह आगजनी की घटना बढ़ गई जिससे खासकर वन्यप्राणी व्याकुल हो गए और वन्यप्राणी गांव के नजदीक दिखाई देने लगे है जिसके चलते एक ओर जहां वन्यप्राणियों द्वारा ग्रामीणों पर हमला का डर बना हुआ है वही दूसरी ओर वन्यप्राणियों की सुरक्षा भी खतरे में है।

**आगजनी की जानकारी सेटेलाइट से मिल रही है : जैन-** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष जंगल में आगजनी की घटना कम है। उन्होने बताया की लगातार वन विभाग के अमला जंगल में लगी आग पर काबू पाने प्रयासरत है। आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए ब्लोवर विभाग के पास उपलब्ध है। आगजनी की जानकारी मिलने पर स्थानीय अमले को संसाधनों के साथ भेजा जाता है। वहां जरूरत के अनुसार फायर सिस्टम, धूल और आगजनी वाले स्थान पर पानी का छिड़काव कर उसे आगे बढने से रोकने के लिए इलाकों को काट दिया जाता है। श्री जैन ने बताया सेटेलाइट के माध्यम से लगातार आगजनी की घटना की जानकारी मिल रही है और जंगल में आग लगाने वाले तथा अवैध शिकार के लिए जाल लगाने वाले आरोपियो पर कार्यवाही किया जा रहा है 05 आरोपियो को जेल दाखिला करवाया गया है। श्री जैन ने बताया जंगल को आग से बचाने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है।

### प्रथम बैठक के साथ...

ध्रुव प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। जानकारी के अनुसार जिले में नए संगठन के गठन और पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। इसी उत्साह को आगे बढ़ाने तथा संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी गतिविधियों की रूपरेखा, जनहित से जुड़े मुद्दों पर आंदोलन की रणनीति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कार्यकर्ता आपस में होली मिलन कर आपसी भाईचारे और संगठनात्मक एकता का संदेश भी देंगे।

## खबर संक्षेप



### होली पर्व आपसी भाईचारा और सदभावना का पर्व : ध्रुव

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के निवास पैरी सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में सैकड़ों की संख्या में सभी राजनीतिक पार्टियों के लोग और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुबह 10 बजे होली मिलन समारोह का शुभारंभ विधायक जनक ध्रुव द्वारा नगाड़ा बजाकर किया गया तो नगाडे के थाप में विधायक जनक ध्रुव के साथ सभी ग्रामीण जमकर थिरके। इस दौरान कांग्रेस के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, वरिष्ठ नेता खेदू नेगी, टीकम सिंह कपील द्वारा बहुत जबरदस्त फाग गीत गाया गया और उपस्थित लोगों को उनके फाग गीत नाचने और झुमने के लिए मजबूर कर दिया। लगभग 04 से 05 घंटे तक विधायक निवस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ साथ उमंग का त्योहार है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, जिला उपाध्यक्ष टीकम सिंह कपील, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, प्रियंका कपील, उशा ध्रुव, नेयाल नेताम, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, भुनेश्वर नेगी, कमार विकास अभिकरण के सदस्य पिलेश्वर सोरी, डोमार साहू, तनवीर राजपुत, गजेन्द्र यादव, खेलन साहू, नंदकिशोर पटेल, ईश्वर नागेश, शेखर पटेल, वरूण पटेल, चित्रश ध्रुव, जीवन मरकाम, सामंत शर्मा, शाहिद मेमन, लिकेश यादव, पुनित ध्रुव सहित बडी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### अंचल में धूमधाम के साथ मना होली



**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्रामीण अंचल में होली त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। गांव- गांव में रात्रि में होलिका दहन किया गया। ग्राम मड़ेली में होलिका दहन के साथ ही होली का उल्लास शुरू हो गया। लोग उत्साहित रहे और एक-दूसरे पर अबीर गुलाल डालते रहे। ग्रामीणों ने फाग गीत गाए और पुरानी परंपराओं के अनुसार पूजा की और ढोल नगाड़े के साथ उत्सव मनाया।

### मानस और रामधुनी का आयोजन 8 तक

**अभनपुर।** बाल समाज श्रीराम मानस परिवार के नेतृत्व मे ग्राम कठिया नं.2 मे त्रि दिवसीय अखंड रामायण समारोह का आयोजन 6 से 8 मार्च तक आयोजन रखा गया है। इसी प्रकार ग्राम खंडवा मे होली एवं चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर त्रि दिवसीय रामधुनी मानसगान, सुवा नृत्य एवं लोक उत्सव का आयोजन 6 से 8 मार्च तक रखा गया है।

**न्यायालय तहसीलदार फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.......अ-6/अ/2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका रामकुमारी पिता कुंजलू जाति गोड़ ग्राम बोरिद तहसील-फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद के द्वारा कृषि भूमि खसरा नंबर 922/2 रकबा क्रमशः 0.38 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 1 कुल रकबा 0.38 हेक्टेयर भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदिका का नाम त्रुटिवश मायाकुमारी पिता कुंजन दर्ज है जिसे सुधार कर रामकुमारी पिता कुंजलू जाति गोड़ आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ आर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 11/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार फिंगेश्वर, जिला- गरियाबंद(छ.ग.)

---

**पर्व : सुबह से ही नगर के गली-मोहल्लों में होली की रही धूम**

# ग्रहण के बाद दोगुने उत्साह से मना रंगोत्सव
# ठाकुरिया चौक पर युवाओं ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

नगर में इस वर्ष होली का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही गली-मोहल्लों में अबीर-गुलाल की महक फैल गई और हर ओर "होली है" की गूंज सुनाई देने लगी। इसी उत्साह के साथ छुरा नगर में होली का पर्व पूरे हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। होलिका दहन की रात नगर के विभिन्न स्थानों पर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ सामूहिक रूप से होलिका दहन किया गया। नगरवासियों ने परंपरानुसार पूजा कर नगर की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ग्रहण के कारण त्यौहार में एक दिन का विराम लग गया, लेकिन इस विराम के दिन बाजारों में विशेष रौनक देखने को मिली। नगरवासियों ने रंग, गुलाल, पिचकारी और अन्य सामग्रियों की जमकर खरीदारी की। व्यापारियों के चेहरे पर भी संतोष झलकता रहा। अगली सुबह से ही नगर की गली-मोहल्लों में होली की धूम मच गई। लोगों ने टोली बनाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएँ दीं। बच्चों ने रंगीन पिचकारियों और पानी से भरे गुब्बारों




के साथ जमकर मस्ती की। नगर के वरिष्ठजनों ने पारंपरिक रीति से पूजन-अर्चन कर समाज में शांति, सौहार्द और उन्नति की प्रार्थना की। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी मुस्तैदी से सुरक्षा व्यवस्था संभाली। चाक-चौबंद प्रबंध के चलते कहीं भी हुड़दंग या अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ठाकुरिया चौक के पास युवाओं ने उत्साहपूर्वक रंगोत्सव मनाया।

## लोहझर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

ग्राम लोहझर सहित आसपास के गांवों में रंगों का पर्व होली इस वर्ष बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। हालांकि इस बार ग्रहण का प्रभाव देखने को मिला, जिसके कारण कई स्थानों पर कार्यक्रमों के समय में बदलाव किया गया, लेकिन इसके बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। होली के दूसरे दिन बाजारों में लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली, जहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने रंग, गुलाल और पिचकारी की जमकर खरीदी की। होली के दिन गांव-गांव में ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर लोग रंगों के इस पर्व का आनंद लेते नजर आए। ग्राम लोहझर के विभिन्न चौक-चौराहों सहित सरकारी पारा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में विशेष रूप से होली गीतों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से गणेश



वंदना और श्री सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद वृंदावन और मथुरा की होली पर आधारित राधा-कृष्ण के उत्सव गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान छोटे से श्याम कन्हैया की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। ढोल-नगाड़ों की थाप और फाग गीतों की मधुर धुन पर ग्रामीण झूमते नजर आए। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। वातावरण पूरी तरह से रंगों और खुशियों से सराबोर दिखाई दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक पर्व है, जो लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का कार्य करता है। इस अवसर पर गांव के लोग एकजुट होकर परंपरागत फाग गीत गाते हैं और पुरानी परंपराओं को आगे बढ़ाते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मिलन निषाद, दशरथ वर्मा, राजेश यादव, मनीराम ध्रुव, रोशन काकड़े, कुलेश्वर साहू, परमेश्वर यादव, गणेश यादव, ओम प्रकाश यादव, देवराज साहू, ईश्वर साहू, हरखराम साहू, राजा वर्मा, पवन ध्रुव, कान्हा यादव, धनीराम ध्रुव, योगेश यादव, खेमलाल सेन सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## बिजली, सिर्रीखुर्द में होली पर्व की रही धूम





हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

क्षेत्र के ग्राम बिजली, सिर्रीखुर्द में होली की धुम रही। होली पर्व का ग्रामीणों ने आनंद लिया। सिर्रीखुर्द में विधायक प्रतिनिधि, सरपंच देवेन्द्र वर्मा, रोहित कंडरा, बच्चों के मन के साथ होली की खुशी बाट्टते दिखे। वहीं ग्राम बिजली में जनपद सभापति नंदू यादव, निषाद समाज जिला अध्यक्ष मोती राम निषाद सरपंच प्रतिनिधि, किराना व्यापारी डोमन साहू, कांग्रेस सचिव रूमन यादव, बुथ अध्यक्ष दौलत यादव, अधिकारी के आर वर्मा, सीतला मंदिर प्रांगण, दुर्गा मंच चौक, में फाग गीत में झुम रहे थे। बिजली में युवाओं में गजब का उत्साह देखा गया शंकर चौक, आजाद चौक, बजरंग चौक में डीजे में गाने के साथ रंग गुलाल और अनेकों को कीचड़ से सराबोर होते हुए देखा गया।

## अंचल में धूमधाम से मनाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव(कोरासी)

रंगों के महापर्व होली अंचल में उत्साह,उमंग और भाईचारे का अद्भुत माहौल देखने को मिला। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग के लोग रंग और गुलाल में सराबोर नजर आए। सुबह से ही विभिन्न मोहल्लों और चौक-चौराहों में होली खेलने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दोपहर तक पूरे उत्साह के साथ चलता रहा। कहीं पारंपरिक नगाड़ों की थाप पर लोग झूमते और नाचते दिखाई दिए तो कहीं डीजे की धुन पर युवाओं की टोलियां रंग-गुलाल उड़ाते हुए थिरकती नजर आईं।कई स्थानों पर युवाओं ने एकजुट होकर रंगोत्सव मनाया और होली गीतों के साथ जमकर नृत्य किया। बच्चों में होली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। हाथों में रंगीन पिचकारियां और चेहरे पर खुशी लिए बच्चे सुबह से ही अपने दोस्तों के साथ रंगों की मस्ती में डूबे रहे। वहीं युवाओं और बुजुर्गों ने भी एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व सौहार्द का



संदेश दिया। शहर के कई स्थानों पर लोगों ने समूह में होली मिलन का आयोजन भी किया, जहां पारंपरिक फाग गीतों और ढोल-नगाड़ों के साथ उत्सव का माहौल बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर रंग लगाया, मिठाइयां खिलाईं और होली की बधाइयां दीं। होली के इस रंगारंग माहौल में पूरे अंचल में उल्लास और आनंद की झलक देखने को मिली। रंगों के इस त्योहार ने लोगों के बीच प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया।

## क्षेत्र में अब पहुंच रही विकास की किरण : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

भाजपा की सरकार बनने और राजिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक रोहित साहू के निर्वाचित होने के बाद विगत वर्षों से हो रहे चहुंमुखी विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में ध्रुव गोड़ आदिवासी समाज 84 पाली फिंगेश्वर राज के प्रतिनिधियों ने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सियाराम ध्रुव के नेतृत्व में क्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारियों और प्रबुद्ध जनों ने बड़ी संख्या में विधायक रोहित साहू के निवास कार्यालय राजिम पहुंचकर मुलाकात की। ग्रामीणों ने क्षेत्र में निरंतर जारी विकास कार्यों के लिए विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि राजिम फिंगेश्वर, छुरा सहित क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों में भी अब विकास की किरण पहुंचने लगी है। लंबे समय से लंबित सड़कों के निर्माण, सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार और सामुदायिक भवनों की स्वीकृति जैसे कार्यों ने स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को



सुधारा है। ग्रामीणों ने मुख्य मार्गों और पहुंच मर्गों के चौड़ीकरण के लिए विधायक के प्रयासों की सराहना की। बिजली, पानी और शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रस्तावों की स्वीकृति पर खुशी जाहिर की गई। प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि विधायक साहू जनसमस्याओं को न केवल सुनते हैं बल्कि उनका मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करते हैं। जनता के स्नेह से अभिभूत विधायक रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि की जनता मेरा परिवार है।आज जो विकास कार्य हो रहे हैं वे आप सबके सहयोग और विश्वास का परिणाम हैं।हमारा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। आने वाले समय में राजिम विधानसभा को प्रदेश का आदर्श क्षेत्र बनाया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से कृष्णकुमार ध्रुव सरगोड सर्किल अध्यक्ष, कोमन नेताम जामगांव सर्किल अध्यक्ष, तिजुराम ध्रुव जमाही सर्किल अध्यक्ष, मलेशु राम ध्रुव महासचिव 84 पाली फिंगेश्वर राज, पदमन ध्रुव सलाहकार, पुराणिक धुरव सलाहकार, बसंत ध्रुव उपाध्यक्ष, गणेश धुरव सलाहकार, इतवारी ध्रुव उपाध्यक्ष जमाही सर्किल सहित अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## बोरसी साहू समाज के होली मिलन समारोह में नशा मुक्ति पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

बोरसी परिक्षेत्र साहू समाज का बाबा कुटी आश्रम में शुक्रवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था। इस अवसर पर समाज के लोगों ने होली पर्व पर नशापान से दूर रहने एवं शांतिपूर्वक होली संपन्न कराने पर बल दिया। इसके साथ ही कर्मा माता के जंयती मनाने के बारे चर्चा किया गया। बैठक में बोरसी परिक्षेत्र अध्यक्ष गोवर्धन साहू, उपाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, महिला उपाध्यक्षरामबाई, संगठन सचिव डिगेश महिला संगठन सचिव देवेन्दी, कार्यकारिणी अध्यक्ष चुम्मन साहू, कोषाध्यक्ष चिंताराम साहू, उपकोषाध्यक्ष बलराम साहू, सचिव सियाराम



साहू, पूर्व अध्यक्ष कमलेश साहू, सहसचिव धर्मेन्द्र साहू, डुकेश्वर संरक्षक, मोहन साहू, श्रीराम साहू, तेजराम, बिसाहू साहू दयाराम साहू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष धनीराम प्रदीप साहू, नंदकुमार, अंकेक्षक हुमन लाल साहू, दयाराम साहू, पवन साहू, संगठन मंत्री अशोक साहू, तूलस नारायण साहू, प्रचार सचिव यश कुमार, झयलेश साहू, शिवराम संयोजक, रेवा साहू, द्वारिका साहू, ईश्वरी, धनीराम सहसंयोजक कमलू, डिगेश्वर साहू, डहक सलाहकार, छननू, सोहन, सुखदेव एवं समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एपस्टीन फाइल मामले में गरमाई सियासत महिला कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय मंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

एपस्टीन फाइल मामले को लेकर शुक्रवार को गरियाबंद जिला मुख्यालय में महिला कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला फूंककर विरोध जताया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू ध्रुव के नेतृत्व में एपस्टीन फाइल में नाम आने पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का तिरंगा चौंक में पुतला फूंका गया। महिला कांग्रेस के प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कांग्रेस भवन से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तिरंगा चौक पहुंची। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और कार्यकर्ताओं ने अपना आक्रोश व्यक्त किया। तिरंगा चौक पहुंचने



के बाद प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। पुतला दहन के दौरान कुछ देर तक चौक पर माहौल गरम रहा और बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि इस मुद्दे को लेकर पार्टी लगातार विरोध दर्ज करा रही है और आगे भी अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू ध्रुव, प्रदेश सचिव श्रद्धा ठाकुर, राजकुमारी सोनी, महेश्वरी शाह, पुष्पा ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव, प्रतिभा पटेल, सविता गिरी, परमजीत कौर, चंदा बारले, भूमि लता, प्रियंका शुक्ला, कल्याणी, हेमलता सिन्हा, जानकी निर्मकर, सुमन देवांगन, देश बाई, श्वेता चंद्राकर, परनिया सिन्हा, प्रियंका कपिल, योगेश्वरी साहू, कुंती साहू, केसर साहू, लुकेश्वरी साहू, चमेली बाई, बेद बाई और सुखबती टांडे सहित महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस और युवा कांग्रेस के बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बारूला स्कूल में उल्लास के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में रंगो का पावन पर्व होली हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। नगाडे. की थाप पर बच्चो ने नृत्य किया। विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगे गुलाल हंसी खुशी और फाग गीतों की मधुर स्वर के साथ उड़ाए गए। बच्चों शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने मिलकर होली उत्सव को यादगार



बना दिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक फाग गीतों के साथ किया गया। ढोल नगाड़ों की थाप पर बच्चों ने पूरी उत्साह से फाग गीत गए और समूह नित्य प्रस्तुत किए। रंगों की इस त्यौहार में विद्यार्थियों का उत्साह भरपूर बना रहा। छोटे-छोटे बच्चों ने अनुशासन के साथ उत्सव में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में भारतीय परंपरा और संस्कृति की सुंदर झलक दिखने को मिली। संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं दिया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव, शिक्षिका मोती ध्रुव, हिरवान लाल साहू, कमलकान्त सेन, मालती पराना, धनेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली

**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल में होली का पर्व हर्शोउल्लास के साथ शांति पूर्वक मनाया गया। पुलिस की पेट्रोलिंग वाहनों के लगातार गश्त के चलते किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। रंगो का पर्व होली का अपना एक अलग ही अंदाज होता है। यह अंदाज प्रारंभ होता है जब बाजार मे रंग बिरंगे पिचकारियों एवं गुलाल एवं रंग के पैकेट दूकानों मे सजी दिखाई देती है जिसकी खरीददारी करते हुए नागरिक मिठाई के दुकानों सहित फल- फूल के दूकानों में नजर आते हैं। भीड़ के एहसास से होली पर्व का आगाज बाजारों से निकलता है। नगर में होलिका दहन 2 मार्च को किया गया जिसके चलते कुछ होली रात 10 बजे तक जला दिए गए तो कुछ होलिया देर रात जलाए गए। सभी होली स्थलों पर पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी गशत करती रही। 3 मार्च को सूर्य ग्रहण होने के कारण मंदिरो के पट बंद हुए वहीं पर संध्या पट खोले गये। 4 मार्च को नगाड़ों की इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली का पर्व हर्षोउल्लास के साथ अपने घर एवं परिवार के बीच मनाया गया जिसमें जांमगांव में भाजपा नेता मिंजून साहू, दशरथ सिन्हा, अरूण सिन्हा मित्र मंडलियों के साथ जमक होली पर्व मनाया। वहीं पर भाजपा के वरिष्ट नेता रामूराम साहू भी गृह ग्राम गणेशपुर पहुंचकर होली खेला। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री भुवन साहू भी शामिल हुए।

### स्थानीय परीक्षा को लेकर विभाग की लापरवाही, परीक्षार्थी हताश

**फिंगेश्वर।** स्कूली वार्षिक परीक्षा की तिथि घोषित के होने पश्चात कक्षा 9वीं तथा 11वीं की छात्र-छात्राएं विषयवार तैयारी में जूट गए थे। यहां तक की ठा.दल. सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में 11वीं क्लास का पेपर शुरू भी हो चुका था ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा प्रारंभ परीक्षा को रद्द कर दिए जाने से जहां छात्र-छात्राओं में निराशा है। वहीं पालक वर्ग में परीक्षा को लेकर किए जाने वाली खिलवाड़ से आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है। कक्षा ग्यारहवीं की शुरू हो चुके परीक्षा को रद्द किए जाने को लेकर अभिभावक एवं फिंगेश्वर के पूर्व सरपंच बिसौहा हरित ने तीखा प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के भविष्य से जुड़े वार्षिक परीक्षा को डीपीआई एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल के नकारात्मक तालमेल के कारण निरस्त कर दिया जाना अशोभनीय और निंदनीय है। श्री हरित ने आगे कहा कि प्रदेश शासन प्रशासन सहित पूरा जनमानस शिक्षा को राष्ट्र की नींव निरूपित करती है। वहीं शिक्षा विभाग की आपसी तालमेल के अभाव में परीक्षा रद्द करना अनेक प्रश्नों को जन्म देता है। छत्तीसगढ़ सरकार से आग्रह है कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों के कृत्यों का विस्तृत संज्ञान लेकर सुधारात्मक कार्यवाही करें जिससे पालक वर्ग में व्याप्त असंतोष कम हो।



**पर्व : नगाड़े की थाप पर गुलाल की बौछारे लगाते नाचते रहे होलियारे**

# श्री राजीव लोचन मंदिर में उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब, नगाड़ों की थाप पर थिरके विधायक






हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

रंगों का पावन पर्व होली आस्था, उमंग और उल्लास के अदभुत संगम के रूप में नजर आया। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री राजीव लोचन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। अनुमान है कि पचास हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान श्री राजीव लोचन के दरबार में होली खेलने पहुंचे और पूरा मंदिर परिसर गुलाल की बौछार से सराबोर हो गया। मंदिर परिसर में महिलाओं और युवतियों की विशेष उपस्थिति देखने को मिली। मातृशक्ति और युवतियां हाथों में गुलाल लिए भगवान के दरबार में पहुंचीं। हर ओर होली है के जयघोष और भक्तिरस में डूबे फाग गीतों की गूंज सुनाई दे रही थी।

श्रद्धालुओं ने भगवान को गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद लिया और एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। मंदिर का विशाल परिसर नगाड़ों की गूंजती थाप और फाग गीतों की मधुर लय ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया जब विधायक रोहित साहू भी भक्तिमय रंग में रंगे नजर आए। वे स्वयं नगाड़ों की ताल पर थिरकते दिखे और फाग गीत गाकर लोगो का उत्साह बढ़ाया। विधायक श्री साहू का यह सहज और उत्सवी अंदाज लोगों को खूब भाया। जैसे ही उन्होंने फाग की तान छेड़ी, भीड़ स्वतः ही झूम उठी और पूरा परिसर नृत्य एवं नगाड़ो की थाप से गूंजने लगा। मंदिर परिसर में कम से कम दो-चार क्विंटल तक गुलाल उड़ाया गया। आसमान में उड़ते लाल, गुलाबी और केसरिया रंगों ने ऐसा दृश्य निर्मित किया मानो पूरा वातावरण इंद्रधनुषी आभा से भर गया हो। कुछ समय के लिए मंदिर परिसर रंगों की धुंध में ढंक गया, जहां हर चेहरा खुशी और उत्साह से चमक रहा था। मंदिर परिसर में भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी ताकि महिलाओं और युवतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस प्रशासन पूरे समय मुस्तैद नजर आया जिससे रंग गुलाल का यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। होली का यह आयोजन केवल रंगों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश भी देता नजर आया। विभिन्न समाज और वर्ग के लोग एक साथ, बिना किसी भेदभाव के, भगवान के दरबार में रंगों की खुशियां बांटते दिखाई दिए।

कुल मिलाकर राजिम में मनाई गई यह होली आस्था, संस्कृति और उत्साह का अदभुत संगम बन गई। भगवान श्री राजीव लोचन के सानिध्य में रंगों से सजा इस कार्यक्रम से लोग प्रफुल्लित नजर आए।





### आस्था के संग सियासी शिष्टाचार, सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनी होली

श्री राजीव लोचन मंदिर में होली पर्व के अवसर पर जहां एक ओर विधायक रोहित साहू अपने समर्थकों के साथ भगवान के दरबार में रंग खेलने पहुंचे, वहीं दूसरी ओर पूर्व सांसद राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू,पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय भी अपने समर्थकों के साथ मौजूद नजर आए। इन जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्री राजीव लोचन को गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद लिया और समर्थकों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। मंदिर परिसर में उत्सवी माहौल के बीच सौहार्द्र और शालीनता का वातावरण बना रहा। राजनीतिक गतिविधियों से इतर इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर आस्था और भाईचारे का संदेश दिया, जिससे पर्व की गरिमा और भी बढ़ गई। सभी नेताओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। मंदिर परिसर में भक्तों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, सौहार्द्र और भाईचारे का वातावरण बना रहा। ढोल-नगाड़ों की थाप और जयघोष के बीच कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। नेताओं ने उपस्थित जनसमूह से मिलकर गले लगकर बधाई दी और प्रेम व एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, कांग्रेस कार्यकर्ता ,स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे। होली के इस आयोजन ने मंदिर परिसर को रंगों और भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

## मैनपुर में शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में होली का त्यौहार शांति और सौहाद्र के साथ संपन्न हुआ। जिसे जिला और पुलिस प्रशासन का सफल प्रयास माना जा रहा है क्योंकि पर्व से पहले ही प्रशासन के द्वारा पर्व को लेकर शांति और सुरक्षा के मद्देनजर खास तैयारियां की गई थी हालांकि मौजूदा वक्त के हिसाब से कुछ संभावनाओं को भी बल मिल रहा था मगर छुटपुट घटनाओं को छोड़ दे तो पर्व शांति से संपन्न हुआ बता दे कि होली पर्व को लेकर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर के मार्गदर्शन में एसडीओपी पुलिस मैनपुर ओमप्रकाश खुजुर एवं थाना प्रभारी मैनपुर शिवशंकर हुर्रा ने मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में पुलिस जवानों ने खास तैयारी की थी। वहीं पब्लिक ने भी प्रशासन का भरपूर सहयोग किया अलावा इन्हीं तैयारियों के तहत प्रशासनिक अमले के द्वारा फ्लैग मार्च भी निकाला गया था। पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत पेट्रोलिंग, संवेदनशील स्थानों पर फिक्स पिकेट की स्थापना तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी त्योहार के दौरान पुलिस अधिकारी एवं जवान पूरी मुस्तैदी एवं सतर्कता के साथ ड्यूटी पर तैनात रहे प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही और होली का पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

## खुटेरी में बुजुर्गों ने नगाड़ों की थाप और फाग गीतों से जीवंत की होली की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम खुटेरी में आज भी होली का त्योहार उसी पारंपरिक शैली और उत्साह के साथ मनाया जाता है, जहां बड़े बुजुर्गों का समूह इस उत्सव को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में जीवंत रखे हुए है। यहाँ होली का आयोजन विशेष रूप से देखने को मिला, जहां वरिष्ठ नागरिकों ने नगाड़ों की थाप और फाग गीतों की मधुर बोल पर झूमते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर गांव के बुजुर्गों ने होली के पारंपरिक गीतों को गाकर और नगाड़ा बजाकर यह संदेश दिया कि त्योहारों की मूल भावना को सामूहिक उल्लास और सांस्कृतिक विरासत के साथ जीवित रखा जा सकता है। उनके चेहरे पर उमंग और आंखों में चमक साफ दिख रही थी, जो यह बताती है कि उत्सव की खुशी उम्र की सीमा नहीं जानती। स्थानीय नंद कुमार साहू, झामु राम साहू, फगवा राम सेन टोमन, गुहा साहू सरजु, लोगों का कहना है कि खुटेरी गांव में होली का यह पारंपरिक स्वरूप पीढ़ियों से चला आ रहा है और बुजुर्ग इसे न केवल संरक्षित कर रहे हैं, सरपंच बेनी शंकर साहू, दूस्यंत साहू, पप्पू साहू ने कहा की हमारे वरिष्ठ अपने तक नहीं बल्कि युवा पीढ़ी को भी इससे जोड़ रहे हैं। इससे न केवल सामाजिक एकता मजबूत होती है, बल्कि सांस्कृतिक पहचान भी बरकरार रहती है। होली के इस पावन अवसर पर गाँव के बुजुर्गों ने सभी को प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया, साथ ही यह भी याद दिलाया कि त्योहारों की असली खुशी साथ बैठकर गीत गाने, नाचने और एक-दूसरे को सम्मान देने में ही निहित है।

## होली प्रेम, सौहार्द व उमंगो का त्योहार : पूरनलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में होली का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा फूलों की होली खेली गई। तत्पश्चात रामनारायण मिश्रा प्राचार्य ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं है सामाजिक समरसता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। यह हमें इस बात की शिक्षा देता है कि बुराई चाहे कितनी भी प्रबल क्यों न हो अंततः सत्य की जीत निश्चित है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में होलिका दहन केवल लकड़ियां जलाने का उत्सव नहीं है। बल्कि अपने भीतर की बुराइयों जैसे क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष एवं अहंकार को त्यागने का अवसर है। पूरन लाल साहू व्याख्याता ने होली की पौराणिक कथा सुनाते हुए कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और उमंगो का त्योहार है। यह बुराई रूपी कचरे को जलाकर अच्छाई रूपी ज्ञान विकसित करता है। रंगों का यह पर्व अन्याय, अत्याचार, ईर्ष्या, द्वेष छल-कपट को भस्म कर न्याय, सदाचार, प्रेम, आनंद एवं निश्चल निर्मल वातावरण सृजन का संदेश देता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें मन की मलीनता को त्यागकर आपस में गले मिलकर भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा फूलों की होली खेलते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उत्साह और उमंग के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित आसपास के क्षेत्रें में रंगों का पर्व होली बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखा गया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर लोगों ने पारंपरिक गीतों और ढोल-नगाड़ों के साथ नाच—गाकर होली का आनंद लिया। घरों में विशेष पकवान जैसे गुजिया, मालपुआ और अन्य मिठाइयां बनाई गईं। लोग अपने रिश्तेदारों और मित्रें के घर जाकर त्यौहार की खुशियां साझा करते नजर आए। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए थे जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। लोगों ने भी आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ होली मनाकर समाज में एकता और सद्भाव का संदेश दिया। होली के इस रंगीन पर्व ने पूरे नगर को खुशियों और रंगों से सराबोर कर दिया।

**महतारी वंदन योजना से संवर रहा कमार महिलाओं का जीवन**

## बांस शिल्प के जरिए आत्मनिर्भर बन रही नारीपानी की सुकबती और धनमोतिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



महतारी वंदना योजना ने वित्तीय सहायता प्रदान करके स्वयं के व्यवसाय चलाने वाली खासतौर पर कमार विशेष पिछड़ी जनजाति की महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। आदिवासी विकासखंड एवं आकांक्षी मैनपुर के विशेष पिछड़ी जनजाति की कई महिला प्रतिमाह मिलने वाली एक हजार की राशि से बांस खरीदकर बांस का बर्तन, झाडू एवं अन्य सामग्री बनाकर अच्छे दामों मे बाजार में बेचकर मुनाफा कमा रही है।

विकासखंड मैनपुर के ग्राम पंचायत तुहामेटा के आश्रित ग्राम नारीपानी की महिला सुकबती सोरी एवं धनमोतिन सोरी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली एक हजार महतारी वंदन योजना की राशि न केवल बचत में मदद करती है बल्कि महिलाओं और उनके परिवारों के लिए एक उज्जवल भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इस योजना से मिलने वाली मासिक वित्तीय सहायता से घर की जरूरते भी पूरा हो रही है एवं इस राशि से हमारे स्वयं के व्यवसाय को भी सहारा मिल रहा है। इन महिलाओं ने बताया कि एक हजार की राशि से वे बांस की खरीदते है और उस बांस से सुपा, टोकरी, चटाई, छितोरी, बांस की पेटी, झाड़ू, कुर्सी, टेबल, पंखा सहित कई घरेलू सामान तैयार करते है जिसे स्थानीय बाजार मे बेचकर मुनाफा कमाते है। महिलाओं को सक्षम आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार ने शुरू की है। इससे महिलाओं में एक नया आत्मविश्वास जगा है और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में भी बढ़ोत्तरी हुई है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश में पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है। वहीं महिलाएं भी खुश है कि वो महतारी वंदन योजना से मिली राशि से अपने बच्चों और परिवार की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर पा रहीं हैं।




